परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय-2, अणुशक्तिनगर, मुंबई

प्रथम चक्रीय परीक्षा (**PERIODIC TEST**-1) – 2023-2024

दिनांक:20-7-2023. पूर्णांक: 40

कक्षा – दसवीं विषय- हिन्दी (द्वितीय भाषा)

समय- 1:30 घंटे

---

निर्देश:- सुलेख एवं वर्तनी शुद्धि का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

प्र० सं०1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए:- 1 x 5 = 5

यह युग एक प्रकार से पैसे का युग है| चारों ओर धन की ही चीख-पुकार मची हुई है| परंतु फिर भी एक गरीब लेखक तथा विद्वान व्यक्ति का करोड़पतियों से अधिक आदर होता है| धन हमेशा ही बुरी आदतों को प्रोत्साहन देता है| धन-लोलुप व्यक्ति की सफलता हजारों को दुख और असफलता में डाल देती है| बुद्धि की दुनिया में सफलता से समाज की उन्नति में सहायता मिलती है |

धनी धन के घमंड से अपने चरित्र को खो बैठता है और धन को ही अपना सब कुछ समझकर अपनाता है| पर चरित्रवान पुरुष तो चरित्र को ईश्वर का एक आदेश मानता है और धन संचय या लाभ की चिंता किए बिना निःस्वार्थ भाव से अपने कार्य करता है| इसीलिए हम सब चरित्रवान पर भरोसा करते हैं| संसार में विजय पाने के लिए चरित्र बड़ा मूल्यवान साधन है| चरित्र के मार्ग पर चलाने वाला आदमी सच्चे अर्थों में महान होता है| ऐसे व्यक्ति ही मानव जाति का कल्याण करते हैं, अनाथों व निरीह अबलाओं के उत्थान में सहायक होते हैं, रोगग्रस्त मानवों की सहायता करते हैं, राष्ट्र के उत्थान के लिए अपना बलिदान कर देते हैं|

संसार में जिसका देवता सुवर्ण होता है, उसका हृदय प्रायः पत्थर का होता है| उसका दूसरों के आँसू पोंछने में विश्वास नहीं होता| वह दूसरों को मिटाकर बनता है, दूसरों के घर बिगाड़कर अपना घर बनाता है, उसकी नस-नस में लोभ भरा होता है| ऐसे मनुष्य के चेहरे पर कभी भी सौम्यता, शांति एवं माधुर्य का भाव दृष्टिगोचर नहीं होता| प्रकृति उसके चेहरे पर उसके हृदय की दुर्गंध की छाप लगा देती है| आज संसार को ऐसे व्यक्तियों की आवश्यकता है जो स्वार्थ के लिए नहीं, परार्थ के लिए जीवित रहते हैं|

1- धनिकों से बढ़कर सम्मान होता --------

क) चरित्रवान तथा धनी व्यक्ति का
ख) निर्धन और बलवान व्यक्ति का
ग) गरीब और बीमार व्यक्ति का
घ) गरीब लेखक तथा विद्वान व्यक्ति का|

2- संसार में विजय पाने के लिए सबसे कीमती साधन होता है ---------

क) हृदय की कठोरता
ख) मनुष्य का चरित्र
ग) मनुष्य का क्रोध
घ) स्वार्थ प्रमुखता|

3- चरित्रवान व्यक्ति नहीं करता है -------

क) मानव-जाति का कल्याण

ख) अनाथों, अबलाओं की सहायता

ग) रोगियों एवं पीड़ितों की मदद

घ) राष्ट्र के प्रति विश्वासघात|

4- संसार में कैसे व्यक्तियों की आवश्यकता है?

क) जो परार्थ के लिए नहीं, स्वार्थ के जीवित रहते हैं|

ख) जो परार्थ के लिए नहीं, लोभ के लिए जीवित रहते हैं|

ग) जो परार्थ के लिए नहीं, धन के लिए जीवित रहते हैं|

घ) जो स्वार्थ के लिए नहीं, परार्थ के लिए जीवित रहते हैं|

5- संसार में सुवर्ण उसका देवता होता है जो ---

क) प्रकृति से दानव नहीं होता है|

ख) हृदयहीन, अनुदार और लोभी नहीं होता है|

ग) दूसरों का निरादर नहीं करता है|

घ) परार्थ को निंदनीय कार्य समझता है |

प्र० सं०2- (अ) निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 1 x 2 = 2

1- बेटी को खुश देखकर माँ ने उससे खुशी का कारण पूछा|

क) संयुक्त वाक्य ख) सरल वाक्य

ग) मिश्र वाक्य घ) इनमें से कोई नहीं ।

2- घंटी बजी और छात्र पुस्तकें उठाकर, कक्षा से निकलकर अपने घर चले गए|

क) संयुक्त वाक्य ख) सरल वाक्य

ग) मिश्र वाक्य घ) इनमें से कोई नहीं|

3- मूर्ख व्यक्ति विद्वान की कद्र करना क्या जानें?

क) संयुक्त वाक्य ख) सरल वाक्य

ग) मिश्र वाक्य घ) इनमें से कोई नहीं।

(ब) निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित निम्नांकित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> वाक्यों में रेखांकित उपवाक्य का नाम लिखिए:- 1 x 2 = 2

1- <u>सब जानते हैं</u> कि वह अधिकारी भ्रष्ट और बेईमान है|

क) संज्ञा आश्रित उपवाक्य ख) विशेषण आश्रित उपवाक्य

ग) प्रधान उपवाक्य घ) क्रिया विशेषण आश्रित उपवाक्य|

2- <u>जहाँ तुम पढते थे</u> वहीं मैं भी पढ़ता था||

क) संज्ञा आश्रित उपवाक्य ख) विशेषण आश्रित उपवाक्य

ग) प्रधान आश्रित उपवाक्य घ) क्रिया विशेषण आश्रित उपवाक्य|

3- यदि तुम आओगे तो <u>मैं भी चलूँगा|</u>

क) संज्ञा आश्रित उपवाक्य ख) विशेषण आश्रित उपवाक्य

ग) प्रधान उपवाक्य घ) क्रिया विशेषण आश्रित उपवाक्य|

(स) ) निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 1 x 2 = 2

1- 'जब कालिदास लिख रहे थे तो मुख्य भाषा संस्कृत थी|' इस वाक्य को सरल में बदलने पर निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य सही होगा---

क) कालिदास के समय को देखने पर पता चलता है कि मुख्य भाषा संस्कृत थी|

ख) कालिदास लिख रहे थे और उनकी मुख्य भाषा संस्कृत थी|

ग) मुख्य संस्कृत थी और कालिदास उसी में लिख रहे थे|

घ) कालिदास के लिखने के समय मुख्य भाषा संस्कृत थी|

2- 'खीरा लज़ीज़ होता है लेकिन होता है सकील|' इस वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलने पर निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य सही होगा---

क) खीरा लज़ीज़ होने के साथ-साथ सकील होता है|

ख) खीरा लज़ीज़ होता है परंतु सकील भी होता है|

ग) वैसे तो खीरा लज़ीज़ होता है पर साथ ही सकील भी|

घ) खीरा लज़ीज़ और सकील दोनों होता है|

3- 'शिक्षा साध्य न होकर साधन है|' इस वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलने पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही होगा---

क) शिक्षा साध्य और साधन है| ख) शिक्षा साध्य होने पर भी साधन है|

ग) शिक्षा साध्य न होकर साधन है| घ) शिक्षा साध्य नहीं अपितु साधन है|

प्र० सं०3- निम्नलिखित पद्यांशपर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए:- 1 x 5 = 5

मन की मन ही माँझ रही|
कहिए जाइ कौन पे ऊधौ, नाहीं परत सही|
अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही|
अब इन योग सँदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनि बिरह दही|
चाहति हुती गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही|
सूरदास अब धीर धरहिं क्यों, मरजादा न लही|

1- उपर्युक्त पद्यांश की भाषा निम्नलिखित में से कौन-सी है?

(क) ब्रज भाषा (ख) खड़ीबोली

(ग) अवधी (घ) उड़िया|

2- गोपियाँ किससे गुहार लगाना चाहती थी?

(क) ऊधौ से (ख) कृष्ण के माता-पिता से

(ग) कृष्ण से (घ) राधा से|

3- 'उद्धव द्वारा लाए गए संदेशों से गोपियों की व्यथा क्या हुई?

(क) बढ़ गई (ख) घट गई

(ग) समाप्त हो गई (घ) कोई अंतर नहीं पड़ा|

4- किसके मन की बात मन में ही रह गई?

(क) कृष्ण के (ख) ऊधौ के

(ग) यशोदा माँ के (घ) गोपियों के|

5- कृष्ण ने उद्धव को किस भक्ति की धारा का संदेश देकर भेजा था-----

क) सगुण ईश्वर ख) साकार ईश्वर

ग) निर्गुण ईश्वर घ) कृष्ण|

प्र० सं०5- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए:- 1 x 5 = 5

हालदार साहब की आदत पड़ गई, हर बार कस्बे से गुजरते समय चौराहे पर रुकना, पान खाना और मूर्ति को ध्यान से देखना| एक बार जब कौतूहल दुर्दमनीय हो उठा तो पूछ ही लिया,"क्यों भई! क्या बात है? यह तुम्हारे नेता जी का चश्मा हर बार बदल कैसे जाता है?" पानवाले के खुद के मुँह में पान ठुँसा हुआ था| वह एक काला, मोटा और खुशमिज़ाज आदमी था| हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आँखों–ही-आँखों में हँसा| उसकी तोंद थिरकी| पीछे घूमकर

उसने दुकान के नीचे पान थूका और अपनी लाल-काली बत्तीसी दिखाकर बोला,"कैप्टन चशमेवाला करता है|"

1- 'बत्तीसी दिखाने' से क्या अभिप्राय है?

(क) ज़ोर से हँसते हुए बोलना (ख) दाँत पीसना

(ग) मुसकुराना (घ) बात करना|

2- हालदार साहब ने पानवाले से क्या पूछा?

(क) मूर्ति के बारे (ख) पान के बारे में

(ग) चश्मा के हर बार बदलने के बारे में (घ) चश्मा बदलने वाले के बारे में|

3- हालदार साहब की क्या आदत पड़ गई थी?

(क) पान खाने की (ख) चौराहे पर रुकने की

(ग) मूर्ति को ध्यान से देखने की (घ) उपर्युक्त सभी विकल्प सही हैं|

4- हालदार साहब का कौतूहल दुर्दमनीय क्यों उठा?

(क) उनका कौतूहल बढ़ गया था

(ख) वह बार-बार बदलते चश्मों का कारण जाना चाहते थे

(ग) वह स्वयं पर नियंत्रण नहीं रख पा रहे थे

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं|

5- पानवाला कैसा व्यक्ति था?

(क) वह एक खुशमिज़ाज व्यक्ति था (ख) वह बहुत उदास व्यक्ति था

(ग) वह एक आलसी व्यक्ति था (घ) वह एक ईर्ष्यालु व्यक्ति था|

प्र० सं०6- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर (प्रत्येक के 30 से 40 शब्दों में) लिखिए:- 2 x 3 = 6

1- नेता जी मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा क्या उम्मीद जगाता है?

2- चश्मेवाला नेता जी मूर्ति पर चश्मा क्यों लगाता था?

3- देशभक्ति की भावना वर्तमान समय में मज़ाक क्यों बनती जा रही है?

4- आपके इलाके के किसी चौराहे पर स्थापित किसी व्यक्ति की मूर्ति के प्रति आपके तथा दूसरे लोगों के क्या उत्तरदायित्व होने चाहिए?

प्र० सं०7- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर (प्रत्येक के 30 से 40 शब्दों में) लिखिए:- 2 x 2 = 4

1- गोपियों ने योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने की बात कही है?

2- गोपियों ने किसे भाग्यशाली कहा है और क्यों ?

3- गोपियों ने राजनीति पढ़ लेने का आरोप किस पर लगाया और क्यों?

प्र० सं०8-निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर पूरक-पुस्तक कृतिका के आधार पर लिखिए:- 1 x 4 = 4

1- आजकल के बच्चे अपने माता-पिता के प्रति प्रेम कैसे अभिव्यक्त करते हैं?

2- बालक भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार अलग है?

प्र० सं०9- चुनौतीपूर्ण (दिव्यांग जन) छात्र-छात्राओं को सुविधा प्रदान करने के लिए अपने जिले के जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र लिखिए| 1 x 5 = 5

<u>अथवा</u>

अपनी मित्र के गुणों का उल्लेख करते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए|